राजनाथ आज देंगे 7506 करोड़ की सौगात

राजधानी में रक्षामंत्री

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

रक्षामंत्री एवं सांसद राजनाथ सिंह बुधवार को लखनऊ आ रहे हैं। भाजपा के महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने बताया कि रक्षामंत्री दोपहर 12:30 से अमौसी एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से सीधे अमौसी मेट्रो स्टेशन के निकट कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना होंगे। इस दौरान वह सड़क परिवहन एवं राजमार्ग केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी एवं मुख्यमंत्री के साथ 7,506 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे।

लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे की नींव रखी जाएगी



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी ने बताया कि लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे की नींव भी रखी जाएगी। एक्सप्रेस-वे में थ्रीडी ऑटोमेटेड मशीन गाइडेंस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा। हालांकि मुख्य कार्यक्रम कानपुर में किया जाएगा। केंद्र ने 1935.34 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी है।

मुख्य परियोजनाओं में मुंशीपुलिया चौराहे से पॉलिटेक्निक तक फ्लाईओवर निर्माण का शिलान्यास, खुर्रमनगर फ्लाईओवर निर्माण एवं मड़ियांव से आईआईएम क्रासिंग तक फ्लाईओवर निर्माण का शुभारंभ करेंगे। इसके अलावा लखनऊ-हरदोई रोड चार लेन चौड़ीकरण का शिलान्यास किया जाएगा। इसके अलावा सर्वोदयनगर और बिराहिमपुर पुल का लोकार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम के बाद वहां से दोपहर 02:20 बजे लखनऊ एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 02:30 बजे एयरपोर्ट से दिल्ली रवाना हो जाएंगे।

मुंशीपुलिया फ्लाईओवरः 50 हजार लोगों को फायदा

रिंग रोड स्थित मुंशीपुलिया चौराहे से पॉलीटेक्निक के बीच फ्लाईओवर बनाया जाएगा। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्रालय ने 170.6 करोड़ की लागत से बनने वाले चार लेन फ्लाईओवर और सर्विस लेन बनाई जाएगी। इससे करीब 50 हजार वाहन चालकों को राहत मिलेगी।